उत्पादन कार्य लघु उद्योगों के लिये आरक्षित था जैसा कि सरकार ने निर्धारित किया था ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि अब सरकार इन उपरोक्त वस्तुओं के उत्पादन-कार्य को आरक्षित सूची से हटाने पर विचार कर रही है ;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या सरकार उद्योग नीति में परिवर्तन करके दैनिक आवश्यकता के अन्य खाद्य पदार्थों के उत्पादन-कार्य को गैर-आरक्षित सूची में सम्मिलित करने पर विचार कर रही है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उक्त वस्तुओं के उत्पादन-कार्य के संबंध में नीति परिवर्तन करने के क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) : (क) जी, हां ।

(ख) से (घ) सरकार को आइसक्रीम, बिस्कुट जैसी कुछ खाद्य मदों का अनारक्षण करने के लिये प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं । ये प्रस्ताव विचाराधीन हैं । किन्तु इन मदों का अनारक्षण करने के लिये अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है ।

(ङ) आरक्षित मदों के उत्पादन से संबन्धित नीति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है ।

खादी और ग्रामोद्योग के विकासार्थ सहायता

2377. **श्री अजीत जोगी** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के दौरान खादी और ग्रामोद्योग के विकासार्थ देश के विभिन्न राज्यों को कितनी धनराशि की सहायता दी गई ;

(ख) क्या मध्य प्रदेश को 1991–92, 1992–93 और 1993–94 में खादी और ग्रामोद्योग के विकास के लिये प्रदान की गई अनुदान की राशि वर्ष 1989–90 और 1990–91 में प्रदान की गई राशि से कम है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम. अरुणाचलम) (क) वर्ष 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के दौरान खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र के विकास के लिये खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा विभिन्न राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को दी गई राशि के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिये गये हैं । **(नीचे देखिए)** । ये ब्यौरे खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग द्वारा दी गई सूचना के आधार पर हैं ।

(ख) जी, नहीं । मध्य प्रदेश को 1989–90 और 1990–91 के दौरान दी गई सहायता राशि क्रमशः 425.97 लाख रु० और 250.87 लाख रु० है ।

(ग) प्रश्न नहीं उठता ।

विवरण

खादी तथा ग्रामोद्योग क्षेत्र के विकास के लिए 1991–92, 1992–93 और 1993–94 के दौरान विभिन्न राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों को धनराशि का विवरण ।

(लाख रु० में)

क्र.सं.	राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र	1991–92	1992–93	1993–94
1	आंध्र प्रदेश	1049.41	1276.58	992.65
2	अरुणाचल प्रदेश	—	2.37	33.88
3	असम	118.50	102.22	115.12

क्र०सं०	राज्य/केन्द्र शासित क्षेत्र	1991–92	1992–93	1993–9
4	बिहार	630.59	753.27	129.02
5	गोवा	37.37	49.09	34.10
6	गुजरात	550.16	1051.28	287.51
7	हरियाणा	537.37	524.97	371.99
8	हिमाचल प्रदेश	444.04	257.75	176.02
9	जम्मू और कश्मीर	319.84	212.53	90.21
10	कर्नाटक	765.08	1001.06	547.40
11	केरल	467.95	907.65	344.14
12	मध्य प्रदेश	588.02	575.75	423.74
13	महाराष्ट्र	1371.90	1676.76	1117.60
14	मणिपुर	69.15	107.06	175.16
15	मेघालय	36.48	34.68	44.20
16	मिजोरम	156.02	84.32	185.25
17	नागालैंड	215.89	158.59	159.25
18	उड़ीसा	335.54	536.10	390.35
19	पंजाब	548.91	563.57	248.63
20	राजस्थान	1299.86	818.08	301.92
21	सिक्किम	38.16	—	55.53
22	तमिलनाडु	2009.21	2333.24	735.17
23	त्रिपुरा	33.73	1.33	63.00
24	उत्तर प्रदेश	2806.59	4158.21	1753.87
25	पश्चिम बंगाल	787.63	554.35	464.48
26	अंडमान और निकोबार दी0	2.96	6.89	—
27	चंडीगढ़	9.57	15.83	9.40
28	दादरा और नगर हवेली	—	—	—
29	दिल्ली	138.05	73.95	58.51
30	दमन और दीव	—	—	—
31	लक्षद्वीप	—	—	42.19
32	पांडिचेरी	0.79	7.61	7.29
	योग :	15368.81	17845.19	9356.96